आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 28.04.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने 4 से 10 मई तक राष्ट्रव्यापी अग्नि सुरक्षा सप्ताह 2026 मनाने की घोषणा की है।

2. अंडमान निकोबार प्रशासन ने राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह में दूसरा स्थान हासिल किया है।

3. ग्रामीण विकास, पंचायती राज संस्थान और शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय बीमा सखी पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है।

4. द्वीपसमूह में "पशु चिकित्सक – भोजन और स्वास्थ्य के संरक्षक" विषय के साथ विश्व पशु चिकित्सा दिवस मनाया गया।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने अगले महीने की 4 से 10 तारीख तक राष्ट्रव्यापी अग्नि सुरक्षा सप्ताह 2026 मनाने की घोषणा की है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में कहा है कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य देश भर के स्वास्थ्य सेवा केंद्रों में अग्नि रोकथाम और सुरक्षा उपायों को मज़बूत करना होगा। इस वर्ष अग्नि सुरक्षा सप्ताह का विषय सुरक्षित स्कूल, सुरक्षित अस्पताल और अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज – अग्नि रोकथाम के लिए एकजुट रहेगा। अभियान का लक्ष्य स्वास्थ्य कर्मियों, विद्यार्थियों और आम जनता के बीच जागरूकता बढ़ाना, नियमों का पालन सुनिश्चित करना और सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देना है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन ने राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह में दूसरा स्थान हासिल किया है। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित सम्मान समारोह में राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने साधना सप्ताह के दौरान एक लाख से कम कर्मचारियों वाले राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों की श्रेणी में गृह सचिव नीरज भारती को यह पुरस्कार प्रदान किया। राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह का आयोजन क्षमता निर्माण आयोग द्वारा कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग और कर्मयोगी भारत के सहयोग से किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय क्षमता निर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना, सरकारी कर्मचारियों में सेवा भाव की भावना को सुदृढ़ करना और

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर विशेष ध्यान देते हुए iGOT कर्मयोगी पोर्टल के माध्यम से भविष्य के लिए तैयार शासन प्रणाली विकसित करना था।

<><><><><><><>

प्रशासनिक कारणों के चलते सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय में न्यूज रिपोर्टर के पद को रद्द कर दिया गया है। यह भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2023 में प्रशासन के ई–रिक्रूटमेंट पोर्टल के माध्यम से शुरू की गई थी।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की ओर से द्वीपों में विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न विषयों में 32 विशेषज्ञ पदों को एक वर्ष की अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर आवेदन आमंत्रित किए गए थे। स्क्रीनिंग कमेटी ने 32 उम्मीदवारों को नियुक्ति प्रस्ताव जारी किए। इनमें से 6 विशेषज्ञों ने कार्यभार संभाल लिया है। प्रशासन जी.बी. पंत अस्पताल में मरीजों की भीड़ कम करने के लिए जिला अस्पताल, गाराचारमा, डॉ. आर.पी. अस्पताल, मायाबंदर और बीजेआर अस्पताल, कार निकोबार में सेवाओं को मजबूत कर रहा है। जिला अस्पताल, गाराचरमा में नैदानिक और प्रयोगशाला सेवाओं को मजबूत करने के लिए एक एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशाला भी स्थापित की गई है।

<><><><><><><>

नमुनाघर पंचायत में कल चौथे पंचायत स्थापना दिवस का समापन हो गया। कार्यक्रम में दक्षिण अंडमान जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी मुख्य अतिथि और फरारगंज प्रमुख पद्मावती विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा स्टाल लगाकर सेवाओं का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के आधार पर केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान को प्रथम, कृषि विभाग द्वितीय और पशुपालन विभाग तृतीय स्थान पर रहे। क्षेत्र के प्रधान वेंकटेश्वर ने अपने संबोधन में कहा कि जमीनी स्तर पर शासन और सामुदायिक जुड़ाव को मजबूत करने के लिए आने वाले वर्षों में भी इस तरह के उत्सव जारी रहेंगे।

<><><><><><><>

ग्रामीण विकास, पंचायती राज संस्थान और शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय भारतीय जीवन बीमा निगम के सहयोग से बीमा सखी पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। 30 अप्रैल तक चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्घाटन कल ग्रामीण विकास निदेशक डॉ. अपूर्व शर्मा ने किया। इसका

उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों को 'बीमा सखी' के रूप में कार्य करने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदाना करना है। इस अवसर पर ग्रामीण विकास निदेशक ने ग्रामीण परिवारों के बीच वित्तीय समावेशन और जोखिम प्रबंधन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आजीविका की सुरक्षा के लिए बीमा अनिवार्य है। यह पहल न केवल महिलाओं के लिए आजीविका के अवसर बढ़ाती है, बल्कि सामुदायिक लचीलेपन को भी मजबूत करती है। एलआईसी के अधिकारियों ने भी विभिन्न जीवन बीमा और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। इस प्रशिक्षण में फरारगंज, प्रातरापुर, रंगत, मायाबंदर और डिगलीपुर खंडों के एसएचजी सदस्य भाग ले रहे हैं।

<><><><><><>

द्वीपसमूह में पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग की ओर से "पशु चिकित्सक – भोजन और स्वास्थ्य के संरक्षक" विषय के साथ विश्व पशु चिकित्सा दिवस मनाया गया। इस दौरान डॉलीगंज स्थित पशुधन फार्म परिसर में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में विभाग के निदेशक डॉ. के.ए. नवीन ने किसानों को वैज्ञानिक पशुपालन अपनाने, वन हेल्थ, पशुधन बीमा और नई सामुदायिक चारा बैंक योजना के बारे में जानकारी दी। छात्रों को हैचरी इकाइयों का दौरा कराया गया। विभिन्न केंद्रों पर पशु स्वास्थ्य शिविर और एंटी–रेबीज टीकाकरण अभियान चलाए गए। रंगाचांग में पशु स्वास्थ्य और जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार निकोबार के एडवर्ड कुचत पार्क में मिनी मेला आयोजित कर जनजातीय लाभार्थियों में मवेशियों का वितरण किया गया। स्कूली बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ।

<><><><><><>

इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), अंडमान निकोबार राज्य केंद्र की ओर से कल राष्ट्रीय समुद्री दिवस मनाया गया। इस अवसर पर तटरक्षक मुख्यालय के चीफ स्टाफ ऑफिसर डीआईजी शैलेश राजन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान भारतीय तटरक्षक मुख्यालय के चार मनोनीत अधिकारियों कमांडेंट नरेश कुमार शर्मा, प्रधान अधिकारी राम चंद्र लेंका, उत्तम सहायक अभियंता विपिन गुलिया और प्रदीप कुमार कुशवाहा को सम्मानित किया गया।

<><><><><><>

मायाबंदर पुलिस थाना की ओर से कल पीएम श्री मॉडल सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में किशोरावस्था के दौरान आने वाली चुनौतियों और मादक

पदार्थों के सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। सत्र के दौरान बच्चों को सटीक निर्णय लेने, अपने शिक्षकों और अभिभावकों से मार्गदर्शन प्राप्त करने और अपने दैनिक जीवन में जिम्मेदार व्यवहार अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

**<><><><><><><>**

समाचार पत्रों की सुर्खियां

राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह में अंडमान निकोबार प्रशासन को दूसरा स्थान मिलने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए प्रमुखता से सचित्र छापा है। इसके अलावा अखबार ने बीमा सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाने और नमूनाघर तथा शोलबे में स्थापित दो संचालित सुनामी सायरनों के परीक्षण के समाचार को भी प्रकाशित किया है। द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने द्वीपसमूह में चलाए जा रहे टी बी मुक्त भारत अभियान–100 दिवसीय अभियान के समाचार को अपने अखबार में जगह दी है। इंफो इंडिया ने स्वराज द्वीप में लम्बित भूमि हस्तांतरण मामलों के निपटारे के लिए शिविर न्यायालय के आयोजन के समाचार को, जबकि स्वास्थ्य निदेशालय की ओर से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा में सुधार के समाचार को द इको ऑफ इंडिया में जगह मिली है।

**<><><><><><><>**